बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-525
16/08/2026

# 18 से 20 अगस्त तक प्रखंड स्तर पर श्री गुरु संत रविदास कलश यात्रा ले जाने का मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश

## मुख्य बिंदु :–

- श्री गुरु संत रविदास समरसता संकल्प अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश। श्री गुरु संत रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर आयोजित होने वाले कार्यक्रम तक जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।
- 25 अगस्त से 25 सितंबर तक जन–जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों, रैलियों, प्रतियोगिताओं एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन।
- प्रत्येक माह के प्रथम गुरुवार को संत रविदास शिविर का किया जायेगा आयोजन।
- श्री गुरु रविदास समरसता संकल्प अभियान केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, समान अवसर और समावेशी विकास को जमीनी स्तर पर सुनिश्चित करने का व्यापक प्रयास है।

पटना, 16 अगस्त 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने आज लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में श्री गुरू रविदास समरसता संकल्प अभियान की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरू संत रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर बिहार में 'श्री गुरु रविदास समरसता संकल्प अभियान' का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य अनुसूचित जाति आबादी वाले सभी गांवों एवं बसावटों में सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं की 100 प्रतिशत उपलब्धता, आधुनिक सामाजिक आधारभूत संरचना, आर्थिक अवसरों तथा शैक्षणिक सशक्तीकरण को सुनिश्चित करना है। इस अभियान को समग्र सामाजिक–आर्थिक परिवर्तन के लक्ष्य के साथ एकीकृत बहुक्षेत्रीय कार्ययोजना के आधार पर संचालित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि 18 से 20 अगस्त तक श्री गुरू संत रविदास कलश यात्रा को प्रखंड स्तर तक ले जाया जायें ताकि अभियान के उद्देश्यों एवं संत गुरु रविदास जी के समरसता, सामाजिक समानता और मानवता के संदेश को गांव–गांव तक पहुंचाया जा सके।

अभियान के तहत अधिकार एवं योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अधिकार आधारित शिविर, जन–जागरूकता कार्यक्रम, साइकिल रैली, मैराथन, वाद–विवाद, निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 25 अगस्त से 25 सितंबर

2026 तक विशेष जन–जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर पूर्व संचालित योजनाओं का लाभ प्रदान करते हुए आवास, जलापूर्ति, सड़क, बिजली, सौर ऊर्जा एवं स्वास्थ्य संबंधी कमियों को दूर किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक माह के प्रथम गुरुवार को संत रविदास शिविर का अनिवार्य रूप से आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से अभियान की निरंतरता 15 फरवरी 2027 तक बनाए रखने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरु रविदास समरसता संकल्प अभियान केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, समान अवसर और समावेशी विकास को जमीनी स्तर पर सुनिश्चित करने का व्यापक प्रयास है। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करें, ताकि अनुसूचित जाति बहुल गांवों एवं बसावटों में सरकारी योजनाओं का शत–प्रतिशत लाभ पहुंचाते हुए सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण सुनिश्चित किया जा सके।

बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक श्री संजय सरावगी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव श्री संजय कुमार सिंह, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री अनिमेष पराशर, पटना के जिलाधिकारी श्री कुंदन कुमार, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के सचिव श्री नवीन कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******